आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 08.11.2024 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा – सरकार की ''भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त न करने की नीति'', भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त कर देगी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों से स्वच्छता को अपनी दिनचर्या बनाकर उत्तराखंड को स्वच्छ रखने का आह्वान किया।
- शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने देहरादून में 1 सौ 28 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।
- आवास मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना– शहरी के अंतर्गत लाभार्थियों को आवासीय कब्जे पत्र सौंपे।
- राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दीं।

**सतर्कता जागरूकता सप्ताह**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज विश्वास व्यक्त किया कि सरकार की ''भ्रष्टाचार को कतई ना बर्दाश्त करने'' की नीति भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म कर देगी। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज में सत्यनिष्ठा और अनुशासन को जीवन का आदर्श माना जाता है। राष्ट्रपति नई दिल्ली में केंद्रीय सतर्कता आयोग के सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार एक बीमारी है और इसे जड़ से खत्म किया जाना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार से निपटने के लिए कई पहल की हैं।

**मुख्यमंत्री स्वच्छता**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों से स्वच्छता को अपनी दिनचर्या बनाकर देवभूमि उत्तराखंड को स्वच्छ रखने की अपील की है। राज्य स्थापना दिवस से एक दिन पूर्व आज देहरादून में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पर्यटन और तीर्थाटन की दृष्टि से देवभूमि उत्तराखंड एक महत्वपूर्ण राज्य है। श्री धामी ने कहा कि इस दशक को उत्तराखंड का दशक बनाने के लिए राज्य सरकार जनसहभागिता से हर क्षेत्र में अल्पकालिक, लघुकालिक और दीर्घकालिक योजनाओं पर काम कर रही है।

**राश्ट्रीय खेल बैठक**

उत्तराखण्ड में 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन को स्वर्णिम अवसर व चुनौती के रूप में लेने की हिदायत देते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने अधिकारियों को तैयारियों को अन्तिम रूप देने के निर्देश दिए हैं। आज सचिवालय में 38वें राष्ट्रीय खेल की उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव ने विभिन्न वित्तीय व सैद्धान्तिक स्वीकृतियां प्रदान की। उन्होंने नगर निगम देहरादून, हरिद्वार, हल्द्वानी और रूद्रपुर से शहरों के

सौन्दर्यीकरण, खेल आयोजन स्थलों तक जानी वाली अप्रोच रोड की मरम्मत, आयोजन स्थलों से कूड़ा प्रबन्धन और स्वयं सेवियों को बस सेवाओं का लाभ देने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इण्डिया और उत्तरी रेलवे जोन के साथ निःशुल्क हेल्प डेस्क सुविधा के लिए जगह देने, खिलाड़ियों व अतिथियों को रिसीव करने के लिए एयरपोर्ट व स्टेशन पर विशेष स्थान देने के निर्देश दिए।

## नियुक्ति पत्र

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज देहरादून में पौड़ी, टिहरी, चमोली और हरिद्वार जिले के प्रारम्भिक शिक्षा विभाग के तहत चयनित 1 सौ 28 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान नियुक्ति पत्र पाने वाले सभी अध्यापकों को शिक्षा मंत्री ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

## प्रेमचंद अग्रवाल

आवास एवं शहरी विकास मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने आज प्रधानमंत्री आवास योजना– शहरी के अंतर्गत ऊधमसिंह नगर और नैनीताल जिले के लाभार्थियों को आवासीय कब्जे पत्र सौंपे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत राज्य में आवासहीन लोगों को आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

आवास एवं शहरी विकास मंत्री की अध्यक्षता में आज देहरादून में उत्तराखण्ड आवास और नगर विकास प्राधिकरण की 19वीं बोर्ड बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर डॉ अग्रवाल ने गढ़वाल और कुमाऊँ मंडल में नई टाउनशिप विकसित किये जाने के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए।

## राज्यपाल बधाई संदेश

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ दी है। राज्यपाल ने राज्य निर्माण आंदोलन के सभी ज्ञात–अज्ञात अमर शहीदों और आंदोलनकारियों का भावपूर्ण स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। राज्य स्थापना दिवस की पूर्व संध्या में जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि रजत जयंती वर्ष में कदम रखते हुए हम अपने राज्य को एक नई ऊँचाई पर ले जाने का संकल्प लें, जहाँ हमारी समृद्ध संस्कृति, परंपरा, और जनहित की नीतियों का सामंजस्य हो। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड की युवा शक्ति हमारे विकास की धुरी है। उन्हें रोजगार के नए अवसर प्रदान करना, उद्यमिता को बढ़ावा देना, और स्वरोजगार की संभावनाओं को विकसित करना सरकार की प्राथमिकता है।

## राज्य स्तरीय विज्ञान महोत्सव

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज देहरादून में आयोजित डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम राज्य विज्ञान महोत्सव में शिरकत की। आकाशवाणी से बातचीत में शिक्षा मंत्री ने कहा कि विज्ञान महोत्सव में छात्र–छात्राओं ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी से जुड़े अनूठे मॉडल्स का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों की प्रतिभा को प्रकट करते हैं।

## केदारनाथ उपचुनाव

केदारनाथ विधानसभा उप चुनाव के लिए सामान्य प्रेक्षक विनोद शेषन की मौजूदगी में 1 सौ 73 पोलिंग बूथों के लिए 191 पोलिंग पार्टियों का दूसरे चरण का रेंडमाईजेशन किया गया। साथ ही पोस्टल बैलेट के लिए तैनात किए गए माइक्रो ऑब्जर्वर का भी पहले चरण का रेंडमाईजेशन हुआ। उप चुनाव के लिए जिला निर्वाचन विभाग ने 191 पोलिंग पार्टियां गठित की हैं। पोलिंग पार्टियों में शामिल अधिकारियों व कर्मचारियों को चरणबद्ध प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उप चुनाव में कुल 764 अधिकारियों और कर्मचरियों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही 4 जोनल, 30 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 36 माइक्रो आब्जर्वर तैनात किए गए हैं।

## ािटन योजना

प्रदेश सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों को धार्मिक स्थलों के दर्शन कराने के उद्देश्य से दीन दयाल उपाध्याय मातृ–पितृ तीर्थाटन योजना शुरू की है। इस योजना के तहत नैनीताल जिले से 60 वर्ष से अधिक आयु के 29 बुजुर्गों का एक दल आज बदरीनाथ धाम के लिए रवाना हुआ। दल में 16 महिलाएं और 13 पुरुष शामिल हैं। जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी ने पर्यटक आवास गृह सूखाताल से दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## ऑनलाइन ई–रिट पोर्टल

उत्तराखंड उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार राज्य में पुलिस विभाग ने ऑनलाइन ई–रिट पोर्टल के माध्यम से प्रतिवेदन पत्र दाखिल करने की सुविधा का विस्तार किया है। इसका उद्देश्य पुलिस कर्मियों के कार्य में सहूलियत प्रदान करना और न्यायिक प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता और तेजी लाना है। वर्तमान में यह सुविधा राज्य के सभी जिलों के लिए उपलब्ध है। इसके माध्यम से पुलिसकर्मी ई–रिट पोर्टल का उपयोग कर उच्च न्यायालय में प्रतिवेदन पत्र दायर कर सकते हैं। जुलाई 2023 से सितंबर 2024 तक पुलिस विभाग ने ई–रिट पोर्टल के माध्यम से लगभग 1 हजार 257 प्रतिशपथ पत्र उच्च न्यायालय में दायर किए हैं। इस प्रक्रिया के माध्यम से लगभग 21 लाख 36 हजार 900 रुपये की राशि दैनिक यात्रा भत्तों के रूप में बचत की गई है।

## बागेवर हादसा

बागेश्वर जिले में गरुड़ ब्लॉक के रणकुड़ी गांव में धनतेरस की रात को आग से झुलसे 11 ग्रामीणों में से 5 की उपचार के दौरान ऋषिकेश एम्स और देहरादून के एक अस्पताल में मृत्यु हो गई। वहीं, बागेश्वर में कल रात एक कार के खाई में गिर जाने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई।